संसद सदस्यों ने पंडित जवाहर लाल नेहरू को श्रद्धांजलि दी

नई दिल्ली, 14 नवम्बर, 2014: लोक सभा अध्यक्ष, श्रीमती सुमित्रा महाजन; केन्द्रीय गृह मंत्री, श्री राजनाथ सिंह; केन्द्रीय वित्त मंत्री, कारपोरेट कार्य मंत्री तथा सूचना और प्रसारण मंत्री, श्री अरुण जेटली; पूर्व प्रधानमंत्री, डा. मनमोहन सिंह; लोक सभा के उपाध्यक्ष, डॉ एम. तम्बिदुरै; और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी की अध्यक्ष, श्रीमती सोनिया गांधी ने आज पंडित जवाहर लाल नेहरू की जयंती पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए ।

पंडित नेहरू को श्रद्धांजलि देने वाले अन्य विशिष्टजनों में संसद सदस्य; पूर्व संसद सदस्य; लोक सभा के महासचिव, श्री पी.के.ग्रोवर और राज्य सभा के महासचिव, श्री शमशेर के. शैरिफ शामिल थे ।

इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले विशिष्टजनों को लोक सभा सचिवालय द्वारा हिन्दी और अंग्रेजी में प्रकाशित पंडित जवाहर लाल नेहरू के जीवनवृत्त वाली पुस्तिका भेंट की गई ।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ एस. राधाकृष्णन ने 5 मई, 1966 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में पंडित जवाहर लाल नेहरू के चित्र का अनावरण किया था ।